महत्वपूर्ण

संख्या-17/1269/26-3-2013-4(2)/2012

प्रेषक,

सुनील कुमार,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
हाथरस।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ - दिनांक 11 नवम्बर, 2013

विषय- जनपद हाथरस की 19 महाविद्यालयों की आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन द्वारा की जा रही जॉच के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 76-78/स0क0/शुल्क-छात्रवृत्ति, दिनांक 01-05-2013 एवं पत्रांक 906-08/स0क0/महाविद्यालय/2012-13, दिनांक 01-01-2013 एवं पत्रांक 2140/स0क0/शिक्षा-अ/2012-13, दिनांक 20-03-2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद हाथरस के 19 महाविद्यालयों के विरूद्ध ई0ओ0डब्ल्यू द्वारा जॉच किये जाने की सूचना देते हुए जनपद के 10 अन्य महाविद्यालयों को ब्लैक लिस्ट किये जाने की संस्तुति के साथ-साथ उक्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की प्राप्त की गयी शासकीय धनराशि की वसूली

http://shasanadesh.up.nic.in

के संबंध में दिशा-निर्देश मांगा गया है।

2- इस संबंध में अवगत कराना है कि जिलाधिकारी, हाथरस के अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या-2279/एम.एस./एस.जी./2011, दिनांक 02-07-2011 एवं पत्रांक-751(1)ओएसडी/2011 दिनांक 02-08-2011 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या/सूचना के आधार पर शासनादेश संख्या-2798/26-3-2011 दिनांक 23-08-2011 एवं शासनादेश संख्या-2685/26-3-2011, दिनांक 27-09-2011 द्वारा जनपद हाथरस की कुल 12 महाविद्यालयों को पूर्व में ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है।

3- आपके उक्त पत्रांक 76-78/स0क0/शुल्क-छात्रवृत्ति, दिनांक 01-05-2013 एवं पत्रांक 906-08/स0क0/महाविद्यालय/2012-13, दिनांक 01-01-2013 एवं पत्रांक 2140/स0क0/शिक्षा-अ/2012-13, दिनांक 20-03-2013 के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी आख्या/संस्तुति के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त जनपद हाथरस के निम्नलिखित 10 शिक्षण संस्थाओं को तात्कालिक प्रभाव से ब्लैक लिस्ट किया जाता है -

(1) श्री विजेन्द्र जनता पी0जी0 कालेज, विसावर।

(2) आर0पी0कन्या महाविद्यालय, बुढाईच, जलेसर रोड।

(3) श्रीमती राजारानी महाविद्यालय, जुलाहपुर।

(4) श्री कृष्ण योगी राज डिग्री कालेज, रतिभानपुर।

(5) श्रीमती लौंगश्री महाविद्यालय, नगला आल।

(6) श्री कृष्ण योगीराज टेक्निकल इंस्टीट्यूट हाथरस।

(7) के0जी0एन0डिग्री कालेज सि0मऊ।

(8) भूदेवी खुशालीराम महाविद्यालय, हसायन।

(9) एस0डी0एजूकेशनल जलेसररोड हाथरस।

(10) आर0पी0आई0टी0सी0 बुढाइच जलेसर रोड हाथरस।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उक्त के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त से अवगत होते हुए उक्त शिक्षण संस्थाओं द्वारा वर्ष 2008-09, 2009-10 व 2010-11 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की अनियमित रूप से प्राप्त की गयी शासकीय धनराशि की वसूली शिक्षण संस्थाओं से भूराजस्व की भांति कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार)

प्रमुख सचिव

पृ0संख्या- (1)/26-3-2013 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1 प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

2 प्रमुख सचिव/सचिव, पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।

3 निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्रांक 2051/सक/शिक्षा-अ/2013-14, दि0 20-08-2013, पत्रांक 961/सक/शिक्षा-अ/2013-14, दिनांक 31-05-2013, पत्रांक 2140/सक/शिक्षा-अ/2012-13 दिनांक 20-03-2013, पत्रांक-1917-18/सक/शिक्षा/2012-13, दिनांक 08-03-2013 के संदर्भ में इस आशय से प्रेषित कि कृपया राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित होने वाले हिन्दी एवं अग्रेजी के किन्ही 02 समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति निकलवाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करवायें।

4 जिला समाज कल्याण अधिकारी, हाथरस।

आज्ञा से,

(हरिश्चन्द्र)

उपसचिव

http://shasanadesh.upnic.in